Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Chauhan Shri Nihal Chand

an>

Title: Need to make it mandatory for every citizen to exercise the Right to Vote.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर): माननीय सभापति महोदय, देश की लगभग एक अरब से ज्यादा की आबादी है और भारत की 70 प्रतिशत जनता ग्रामीण क्षेत्र में रहती है तथा 30 प्रतिशत आबादी शहरों में निवास करती है। शहरी क्षेत्र की अधिकांश जनता शिक्षित है। ग्रामों में भी शिक्षा का स्तर काफी बढ़ता जा रहा है। परन्तु देश में मतदान के प्रति लोगों का रुझान बजाए बढ़ने के घटता जा रहा है, जबकि सरकार द्वारा मतदान के दिन निजी एवं सरकारी सभी संस्थानों का अवकाश घोाति कर दिया जाता है। देश में मतदान के प्रति ज्यादातर अरुचि उच्च, शिक्षित एवं शहरी वर्ग में है।

शहरों में जो उच्चवर्गीय एवं मध्यमवर्गीय कालोनी हैं, उनमें मतदान का स्तर 20 से 30 प्रतिशत तक रहता है। गांव में चालीस से पचास प्रतिशत तक मतदान का प्रतिशत रहता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि कम मतदान के कारण अच्छे जनप्रतिनिधि और अच्छी सरकारें चुनने की जो उम्मीद होती है, वह अक्सर पूरी नहीं हो पाती है। देश के प्र ात्येक नुमाइन्दों को शिक्षित एवं पढ़ा-लिखा वर्ग नहीं, बल्कि कम पढ़ी-लिखी जनता चुनती है, तो यह कहना गलत नहीं होगा।

मेरा आपके माध्यम से मेरा सरकार से निवेदन है कि मतदान प्रक्रिया को अनिवार्य बनाया जाए। प्रत्येक व्यक्ति को वोट डालने का अधिकार है। वे अपने अधिकार को अपना कर्तव्य समझें। प्रत्येक व्यक्ति वोट डाले, ऐसा संविधान में अमेंडमेंट किया जाए या ऐसा कोई कानून बने। मेरा आपके माध्यम से यही निवेदन है।